परीक्षा नियंत्रक (विविध) | वितरण किया गया, जबकि ग्रामीण

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 78/2024**

**औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2024 के विषय हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू में से किन्हीं दो विषयों में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का द्वितीय डमी प्रवेश पत्र समिति की वेबसाईट पर अपलोड करने, ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 70/2024, दिनांक 14.02.2024 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2024 के विषय हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू में से किन्हीं दो विषय में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी एवं संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों का द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर **दिनांक 21.02.2024 से 24.02.2024 तक** त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।

2. संबंधित अभ्यर्थी के संशोधित द्वितीय डमी प्रवेश पत्र (Second Dummy Admit Card) में मुद्रित विवरणों/फोटो/हस्ताक्षर में यदि किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित होती है तो अभ्यर्थी उक्त का सुधार कर अपने संस्थान के प्रधान को उपलब्ध करायेंगे। तद्नुसार संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर एवं अभिलेख से मिलान कर उक्त वेबसाईट पर त्रुटि का सुधार करेंगे।

3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों की सूची समिति के उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। ऐसे अभ्यर्थी **दिनांक 21.02.2024 से 24.02.2024 तक** अपना परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया जाएगा, उनका मूल प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा, जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

4. **उक्त तिथि के उपरान्त किसी प्रकार की त्रुटि होती है, तो इसके लिए अभ्यर्थी/औद्योगिक संस्थान के प्रधान पूर्णतः जिम्मेवार होंगे।**

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner